# कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय,जायल (नागौर)

## <u>सूचना</u>

दिनांकः–06.01.2023

महाविधालय के समस्त नियमित विधार्थियों को सूचित किया जाता है कि महाविधालय में निम्न खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्रम संख्या | प्रतियोगिता का नाम | दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 01 | कब्बडी–छात्र<br>कब्बडी–छात्रा | 11.01.2023 प्रातः 11:00 बजे<br>11.01.2023 दोपहर 12:30 बजे |
| 02 | बॉलीबॉल–छात्र<br>बॉलीबॉल–छात्रा | 12.01.2023 प्रातः 11:00 बजे<br>12.01.2023 दोपहर 12:30 बजे |
| 03 | दौड़–100 मीटर<br>(छात्र एवं छात्रा) | 13.01.2023 प्रातः 11:00 बजे |

नोटः– खेल–कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक विधार्थी प्रभारी श्री विक्रम कुमार, सहायक आचार्य गणित को अपना नाम दर्ज करावें।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,जायल

Scanned with CamScanner

दिनांकः– 11.01.2023

## प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय जायल में तीन दिवसीय अन्तर कक्षा प्रतियोगिता के पहले दिन दिनांक 11 जनवरी 2023 को कब्बडी प्रतियोगिता (छात्र एवं छात्रा वर्ग) आयोजित हुई। खेल का शुभारम्भ प्राचार्य श्री विजय अरोड़ा के द्वारा माँ सरस्वती के दीप प्रज्जवलन कर किया गया तथा श्री विजय अरोड़ा ने बताया कि खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेल खेलना चाहिए जिससे बहुमुखी विकास होता है। महाविद्यालय के खेल प्रभारी श्री विक्रम कुमार, सहायक आचार्य ने खेलों की नियमावली के बारे में बताया। कब्बडी प्रतियोगिता (छात्र एवं छात्रा वर्ग) कला संकाय एवं विज्ञान सकाय के बीच खेली गयी। छात्र एवं छात्रा वर्ग दोनों में कला संकाय की टीम विजेता रही। निर्णायक मण्डल के रूप में शारीरिक शिक्षक उगमाराम सिंवर तथा सहायक आचार्य अमित कुमार यादव, सीमा सोनी, सुनिता प्रजापत, चेतन चौधरी, इन्दू वर्मा ने निर्णायक की भुमिका निभाई। खेल प्रतियोगिता के दौरान स्वयं सेवक के रूप में छात्रसंघ अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू, सुनील प्रजापति, चेतन बासट एवं विजेन्द्र मुण्डेल ने कार्य किया।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,जायल

राजस्थान पत्रिका – 12/01/2023

## राजकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू



जायल. महाविद्यालय में प्रतियोगिता का शुभारंभ करते प्राचार्य।

जायल @ पत्रिका. राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को तीन दिवसीय अन्तर कक्षा-प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य विजय अरोड़ा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए जिससे बहुमुखी विकास हो सके। खेल प्रभारी विक्रम कुमार ने खेल नियमों की जानकारी दी। निर्णायक मण्डल में शारीरिक शिक्षक उगमाराम सिंवर, सहायक आचार्य अमित कुमार यादव, सीमा सोनी, सुनिता प्रजापत, चेतन चौधरी, इन्दु वर्मा ने निर्णायक थे। इस दौरान छात्र संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सोहू, सुनील प्रजापति, चेतन बासट, विजेंद्र मुण्डेल ने सहयोग किया।

01583-272060 gcjayal102013@gmail.com https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcjayal

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय,जायल (नागौर)

दिनांकः– 12.01.2023

## प्रेस नोट

राजकीय महाविद्यालय जायल में तीन दिवसीय अन्तर कक्षा प्रतियोगिता के दूसरे दिन दिनांक 12 जनवरी 2023 को बॉलीबॉल प्रतियोगिता (छात्र एवं छात्रा वर्ग) तथा 100मीटर दोड़ प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) आयोजित हुई साथ ही महाविधालय में विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अशोक शर्मा, बी0ए0 भाग प्रथम, द्वितीय स्थान गुड्डी मेघवाल, बी0 ए0 भाग द्वितीय रही। महाविद्यालय के खेल प्रभारी श्री विकम कुमार, सहायक आचार्य ने खेलों की नियमावली के बारे में बताया। बॉलीबॉल प्रतियोगिता (छात्र एवं छात्रा वर्ग) कला संकाय एवं विज्ञान सकाय के बीच खेली गयी। छात्र एवं छात्रा वर्ग दोनों में कला संकाय की टीम विजेता रही। तथा 100मीटर दोड़ प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) में प्रथम स्थान सरोज बी0ए0 भाग द्वितीय एवं द्वितीय स्थान पुनम बी0ए0 भाग तृतीय तथा तृतीय स्थान धापू, बी0ए0 भाग द्वितीय ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल के रूप में शारीरिक शिक्षक उगमाराम सिंवर तथा सहायक आचार्य अमित कुमार यादव, सुनील कुमार मीणा, सीमा सोनी, सुनिता प्रजापत, चेतन चौधरी, इन्दू वर्मा, रूपराम ने निर्णायक की भुमिका निभाई।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,जायल

01583-272060 gcjayal102013@gmail.com https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcjayal

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय,जायल (नागौर)

दिनांक :–25.02.2022

## सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2021–22 की सह सैक्षणिक प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत दिनांक 03 मार्च 2022 से 05 मार्च 2022 तक विभिन्न अन्तरकक्षा खेलकुद प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्र–छात्राओं हेतु पृथक–पृथक रूप से किया जाना है इस दौरान निम्न खेल कुद आयोजित होगे:–

| क्रम संख्या | प्रतियोगिता का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | कबब्डी | 03 मार्च 2022 |
| 02 | बॉलीबॉल | 04 मार्च 2022 |
| 03 | 100 मीटर दौड़ | 05 मार्च 2022 |

इनमें अपनी–अपनी कक्षा की टीम में खेल में भाग लेने हेतु अपना नाम व खेल का नाम खेल प्रभारी श्री रमेश कुमार (मो0 नम्बर 9413973086) को दिनांक 02 मार्च 2022 से पूर्व नोट करवा देवें।

नोटः– महाविद्यालय परिचय पत्र दिखाने पर ही प्रतियोगी के रूप में दाखिला लिया जा सकेगा।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,जायल

01583-272060 gcjayal102013@gmail.com https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcjayal

Scanned with CamScanner

राजकीय महाविद्यालय जायल

दिनांक 3-3-2022 से 5-3-2022 तक अन्तरकक्षा खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनके परिणाम निम्न प्रकार रहे -

A. वालीबॉल प्रतियोगिता -

विजेता - B.A. Part - I
उप विजेता - B.Sc. pt - II

B. कबड्डी प्रतियोगिता (छात्र वर्ग)

विजेता - B.A. Part - I
उप विजेता - B.Sc. Part - II

छात्रा वर्ग - विजेता - विज्ञान संकाय
उपविजेता - कला संकाय

C. 100 मी. दौड़

छात्र वर्ग

विजेता →
1. नेमाराम B.A. pt - II
2. अमन B.A. pt - II
3. आरीफ B.A. pt - I

छात्रा वर्ग विजेता

1. सरोज B.A. pt - I
2. निरमा B.A. pt - II
3. मनीषा बिड़ियासर B.A. pt - III

## राजकीय महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



जायल. राजकीय महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

**जायल @ पत्रिका.** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। खेल प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि खेलकूद प्रकल्प के तहत वॉलीबॉल, कबड्डी व 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की टीम प्रथम व बीएससी द्वितीय वर्ष की टीम द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी छात्र वर्ग में कला संकाय प्रथम व विज्ञान संकाय द्वितीय स्थान पर रहे। छात्रा वर्ग में विज्ञान संकाय प्रथम व कला संकाय द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में नेमाराम, छात्रा वर्ग में सरोज विजेता रही। इस दौरान प्राचार्य विजय अरोड़ा, डॉ. सुनील चौधरी, सुनीता प्रजापत, इन्दु देवल, सुनिल कुमार मीणा, सुनित ज्याणी, चौथाराम, रूपराम मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

क्रमांक : रामजा / स्था. / 2021–22 / SPL - 1 दिनांक :–

## कार्यालय आदेश

महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2021–22 में माह मार्च 2022 में विभिन्न सहशैक्षणिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है अतः सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय के सभी नियमित छात्र–छात्राओं को प्रतियोगिता की दिनांक व समय के कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराते हुए भाग लेने वाले प्रतिभागियों की रिपोर्ट तैयार कर निर्धारित समय कार्यक्रमानुसार प्रतियोगित सम्पन्न करवाकर समय–समय पर रिपोर्ट के बारे में अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें:–

| क्रम संख्या | प्रतियोगिता का नाम | नोडल अधिकारी |
|---|---|---|
| 01 | कबड्डी | रमेश कुमार |
| 02 | बॉलीबॉल | रमेश कुमार |
| 03 | 100 मीटर दौड़ | रमेश कुमार |
| 04 | भाषण प्रतियोगिता | धनेश कुमार |
| 05 | वाद विवाद प्रतियोगिता | धनेश कुमार |
| 06 | सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता | डॉ सुनील चौधरी |
| 07 | मेहन्दी प्रतियोगिता | सुनीता प्रजापत |
| 08 | रंगोली | सुनीता प्रजापत |
| 09 | एकल नृत्य | इंदू वर्मा |
| 10 | एन0एस0एस0 | डॉ सुनीता प्रजापत |
| 11 | सामुहिक नृत्य | इंदू वर्मा |
| 12 | पारम्परिक खेल प्रतियोगिता(दण्ड–दड़ा) | रमेश कुमार |
| 13 | शतरंज प्रतियोगिता | सुनील कुमार मीणा |
| 14 | निबंध लेखन | इंदू देवल |
| 15 | चित्रकला प्रतियोगिता | इंदू देवल |

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,जायल

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. नोडल अधिकारी
2. रक्षित पत्रावली

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,जायल

01583-272060 gcjayal102013@gmail.com https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcjayal

Scanned with CamScanner

की छात्रा है। प्रियंका ने 3 इवेंट  नाम रोशन करे।

पत्रिका 20.9.19 - नागौर

# नागौर की टीम रही विजेता



जायल. राजकीय महाविद्यालय में अतिथियों के साथ विजेता टीम ।

## अन्तर महाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता

**जायल.** राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को अन्तर महाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता शुरू हुई । प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य पो[illegible] कुमार ने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ होता है और स्वस्थ शरीर में मस्तिष्क का वास रहता है। खेलने से शारीरिक के साथ साथ मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। खेल प्रभारी रमेश कुमार ने खेलों की नियम संबधी जानकारी दी । खो-खो का अंतिम मुकाबला राजकीय महाविद्यालय नागौर व राजकीय महाविद्यालय जायल के बीच हुआ, जिसमें नागौर की टीम विजेता रही। निर्णायक शारीरिक शिक्षक मोतीलाल सिंवर, हरिराम मुण्डेल, सहायक आचार्य डॉ. सुनील चौधरी, अविनाश व्यास, भंवरलाल व उर्मिला लोरा थे।

Scanned with CamScanner

# नागौर ने जीता अन्तरमहाविद्यालय खो–खो प्रतियोगिता का खिताब

रोल। राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय अन्तरमहाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य पोरस कुंमार द्वारा मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्य पोरस कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों को खेल की भावना के साथ खेल खेलना चाहिए, जिससे बहुमुखी विकास होता है। महाविद्यालय के खेल प्रभारी रमेश कुमार ने खेलों की नियमावली के बारे में बताया। प्रतियोगिता का फाइनल राजकीय महाविद्यालय जायल व राजकीय महाविद्यालय नागौर के मध्य हुआ, जिसमें नागौर विजेता रही। निर्णायक मंडल के रूप में शारीरिक शिक्षक मोतीलाल सिंवर,उगमाराम हरिराम मुंडेल तथा सहायक आचार्य डॉ सुनील चौधरी अविनाश व्यास भंवर लाल डूडी उर्मिला लोरा ने भूमिका निभाई। खेल प्रतियोगिता के दौरान स्वयंसेवक के रूप में छात्र राकेश ढाका छोटूराम ,सुरेश ने उत्कृष्ट कार्य किया। प्रतियोगिता के दौरान आचार्य डॉ शिखा अग्रवाल सहायक आचार्य राकेश कुमार सुनीता प्रजापत तथा समस्त महाविद्यालय स्टाफगण मौजूद रहा।



रोल। प्रतियोगिता का खिताब जीतने वाली टीम के साथ कॉलेज स्टाफ। नवज्यो

Scanned with CamScanner

# 5 हजार मीटर दौड़ में जेठूसिंह अव्वल

## जिला स्तरीय अर्जुन दृष्टि अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता सम्पन्न

न्यूज सर्विस/नवज्योति, डीडवाना

राजकीय बांगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय 'अर्जुन दृष्टि' अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मंगलवार को सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले को राजकीय बलदेवराम मिर्धा महाविद्यालय नागौर, राजकीय बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना, राजकीय माडी बाई कन्या महाविद्यालय नागौर, राजकीय महाविद्यालय खींवसर, राजकीय महाविद्यालय डेगाना, राजकीय महाविद्यालय मंगलाना व राजकीय महाविद्यालय जायल ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. जहांगीर कुरैशी ने बताया कि छात्र वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बांगड़ महाविद्यालय के रविन्द्र बिजारणियां प्रथम व रामचन्द्र गंडास द्वितीय रहे। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में बांगड़ महाविद्यालय के रविन्द्र बिजारणियां व बलदेव मिर्धा महाविद्यालय नागौर के अभिषेक क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ में बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना के ओमप्रकाश प्रथम एवं ईश्वर गुर्जर द्वितीय रहे। 800 मीटर दौड़ में बलदेव मिर्धा महाविद्यालय नागौर के प्रहलादराम पहले, बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना के शिवलाल द्वितीय रहे। 1500 मीटर दौड़ में बांगड़ महाविद्यालय के गोविन्द डुकिया पहले, राजेश बेनीवाल द्वितीय रहे।




डीडवाना। बांगड़ महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। -कृष्णमुरारी सर्राफ

इसी प्रकार 5 हजार मीटर दौड़ में बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना के जेठूसिंह पहले, बलदेव मिर्धा महाविद्यालय नागौर कैलाश टांडी द्वितीय रहे। खेल प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि लम्बी कूद में बांगड़ महाविद्यालयं के रामचन्द्र गंडास व ओमप्रकाश ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ऊंची कूद में राजकीय महाविद्यालय मंगलाना के महेन्द्र दान व बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना के जीतू सिंह क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रहे। त्रिकूद में राजकीय बलदेव मिर्धा महाविद्यालय नागौर के दिलीपसिंह एवं कैलाशसिंह क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रहे। उन्होंने बताया कि छात्रा वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कन्या महाविद्यालय नागौर व राजकीय महाविद्यालय जायल की अनिता एवं लक्ष्मी टांडी क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रहे। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में बलदेव मिर्धा महाविद्यालय नागौर व कन्या महाविद्यालय नागौर की सीता वैष्णव एवं अनिता क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना एवं कन्या महाविद्यालय नागौर की मंजु चोयल एवं धापु क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय, 800 मीटर दौड़ में बलदेव मिर्धा महाविद्यालय नागौर एवं बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना की पूजा कंवर एवं मंजु चोयल क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय, 1500 मीटर दौड़ में बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना एवं बलदेव मिर्धा महाविद्यालय नागौर की राजू आंवला एवं उर्मिला क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय. रहे। लम्बी कूद में कन्या महाविद्यालय नागौर एवं बलदेवमिर्धा महाविद्यालय नागौर की धापू एवं सीता वैष्णव प्रथम एवं द्वितीय, ऊंची कूद में बलदेव मिर्धा महाविद्यालय नागौर एवं कन्या महाविद्यालय नागौर की पूजा कंवर एवं सुशीला क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रहे।

## 800 मीटर दौड़ व ऊंची कूद में पूजा प्रथम

नागौर। श्री बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया है। महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. रणजीत पूनियां ने बताया कि 16 सितंबर को राजकीय महाविद्यालयों की जिला स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं का इंटर-कॉलेज टूर्नामेंट राजकीय बांगड़ महाविद्यालय डीडवाना में आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। सीता वैष्णव ने 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम व लोंग जम्प में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा पूजा कंवर ने 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता व ऊंची कूद प्रतियोगिता प्रथम स्थान में प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्र वर्ग की 200 मीटर दौड़ महाविद्यालय के अभिषेक ने द्वितीय, प्रहलाद ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम, 1500 मीटर दौड़ में अणदाराम ने तृतीय, 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कैलाश तांडी ने द्वितीय स्थान तथा त्रिकूद में दिलीप सिह ने प्रथम, कैलाश ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

Scanned with CamScanner



# महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

जायल- राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 16 अगस्त से शुरू हुआ जिसमें विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन हुआ। प्राचार्य पोरस कुमार ने बताया कि खेल से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है तथा आपसी भाईचारा वे टीम भावना को बढ़ावा मिलता है। प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में एथलेटिक्स के 100 मीटर दौड़ में गुलाब में प्रथम महेन्द्र लोमरोड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वही ऊंची कूद में प्रेमाराम धायल प्रथम जयपाल पीडियार द्वितीय इ स्थान पर रहे। लंबी कूद में रामनारायण प्रथम स्थान तथा प्रेमाराम धायल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार छात्रा वर्ग में 100 मीटर आरती प्रजापत ने प्रथम सुनीता पाण्डर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में वायु सदन ने प्रथम कबड्डी में वायु सदन प्रथम स्थान प्राप्त किया वही वालीबाल में पृथ्वी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अवसर पर खेल प्रभारी की भूमिका सहायक प्रोफेसर रमेश कुल्हरी उर्मिला लोरा ने निर्णायक मंडल में सहायक प्रोफेसर अविनास व्यास डॉ सुनील चौधरी ,भंवर लाल डूडी, शिखा अग्रवाल ,डॉ सुनीता बेनीवाल, सुनीता प्रजापत ,राकेश कुमार बाबूलाल महिया, सुनीत ज्याणी, कमलेश बाजिया आदि ने भागीदारी निभाई इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे

## एनएसयुआई की बैठक आज

बाप। एनएसयुआई की बैठक मंगलवार को यहां भट्ड़ धर्मशाला में अपरान्ह 3.30 वजे आयोजित होगी। एनएसयुआई ब्लॉक बाप अध्यक्ष इस्लामदीन व उपाध्यक्ष ओम तंवर ने बताया कि बैठक में आगामी छात्रसंघ चुनावो को लेकर चर्चा की जाएगी।

Scanned with CamScanner